डॉ. के. लक्ष्मण
राष्ट्रीय अध्यक्ष
ओबीसी मोर्चा

भारतीय जनता पार्टी
Bharatiya Janata Party

दिनांक : 8 जुलाई, 2021

प्रेस विज्ञप्ति

केन्द्र में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 2.0 सरकार में आज पहली बार मंत्रीमण्डल विस्तार किया गया। जिसमें 15 केबिनेट और 28 राज्य मंत्रीयों ने मंत्रीमण्डल शपथ ली। जहां नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अपने नये मंत्रीमण्डल विस्तार में सभी वर्गो, समुदायों एवं क्षेत्रों को स्थान दिया। वहीं पहली बार भारतीय केबिनेट में 35 प्रतिशत मंत्री ओबीसी वर्ग (पिछड़ी वर्ग) से प्रतिनिधित्व मिला। मोदी सरकार अपने प्रथम कार्यकाल से ही निरन्तर ओबीसी समाज के उत्थान वह शासन में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। चाहे ओबीसी कमीशन का गठन हो या अनेक कल्याणकारी योजना के माध्यम से समाज को लाभ देने का विषय हो निरन्तर मोदी सरकार समाज के प्रति समर्पित रही, वहीं इसी कड़ी में आज इस नये मंत्रीमण्डल विस्तार में 27 ओबीसी मंत्रियों को शामिल किया जो आज तक सबसे बढ़ा प्रतिनिधित्व साबित हुआ। जिसमें 5 केबिनेट मंत्री एवं 21 राज्यमंत्री व एक स्वतंत्र प्रभार के रूप में शामिल हुए। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय उनके गरीब, पिछड़ों, वंचितों, दलितो, महिलाओं एवं अल्पसंख्यकों के उत्थान वह भागेदारी बढ़ाने के लिए उनकी उनकी समाज के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा माननीय नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत सरकार मंत्रीमण्डल में अभूतपूर्व प्रतिनिधित्व देने पर माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार व धन्यवाद व्यक्त करता हैं व ओबीसी मोर्चा माननीय प्रधानमंत्री जी का सभी प्रदेशों व जिला स्तर पर कार्यक्रम के माध्यम से भी धन्यवाद करेंगे। ओबीसी समाज भी भारत सरकार द्वारा लिये गये इस निर्णय से प्रसन्न है व भारत सरकार में मिले सबसे बड़े प्रतिनिधित्व से गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

आपका

Laxman

(डॉ.के.लक्ष्मण)

मीडिया विभाग
9899495986

6-ए दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110 002 दूरभाष : 011-23500000 फैक्स : 011-23500190
6-A, Deendayal Upadhyay Marg, New Delhi-110 002, Phone : 011-23500000 Fax : 011-23500190